अमर उजाला 05/07/2025

प्राचार्य ने किया मलयेशिया और इंडोनेशिया का दौरा

अंबाला। छावनी के जीएमएन कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने मलयेशिया और इंडोनेशिया के चार प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों (मैनेजमेंट और साइंस विश्वविद्यालय, यूनिवर्सिटी ऑफ मलाया, यूनिवर्सिटी मोनाश मलयेशिया तथा यूनिवर्सिटी उडयाना, इंडोनेशिया) का शैक्षणिक दौरा किया।

बैठक में भाग लेते डॉ. रोहित दत्त साथ में अन्य। संवाद

उन्होंने बताया कि इस दौरे का उद्देश्य अकादमिक संबंधों को मजबूत करना, सहयोगात्मक अनुसंधान के अवसरों का पता लगाना और भारतीय और मलेशियाई शैक्षणिक संस्थानों के बीच ज्ञान साझा करने की सुविधा प्रदान करना है। अपनी यात्रा के दौरान, डॉ. दत्त ने विश्वविद्यालयों में संकाय सदस्यों, शोधकर्ताओं और छात्रों के साथ बातचीत की और अपने विचार सांझा किये। डॉ. दत्त का शैक्षणिक दौरा अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने और भारत और मलयेशिया एवं इंडोनेशिया के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।